पीएम ने किया आईआईएम रांची के नए कैंपस और आईआईटी धनबाद में नए हॉस्टल का उद्घाटन, ट्रिपल आईटी के नए भवन का शिलान्यास

अब आईआईएम रांची का लक्ष्य इंटरनेशनल एक्रेडिटेशन प्राप्त करना, इंटरनेशनल कोलाबोरेशन होगा, दूसरे देश के मैनेजमेंट शिक्षक लेंगे क्लास

सिटी रिपोर्टर | रांची

धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी में आयोजित कार्यक्रम से कई योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने आईआईएम रांची के नए कैंपस का उद्घाटन किया, वहीं आईआईटी आईएसएम धनबाद के नए हॉस्टल का उद्घाटन किया। साथ ही रांची में ट्रिपल आईटी के नए भवन का शिलान्यास भी किया। आईआईएम रांची का नया कैंपस 60 एकड़ में फैला हुआ है, जो 280 करोड़ रुपए की लागत से बना है। इसमें सभी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस 20 क्लासरूम, 684 रूम के तीन हॉस्टल ब्लॉक, 650 लोगों के बैठने लायक ऑडिटोरियम है। यहां अभी सात प्रोग्राम चल रहे हैं। जिसमें देशभर के लगभग एक हजार स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। आईआईएम रांची में उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवस्तव, चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स प्रवीण शंकर पांड्या आदि उपस्थित रहे।

स्ट्रेटेजिक प्लान 2030 के लक्ष्यों को प्राप्त करने पर होगा फोकस : डायरेक्टर आईआईएम

आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न प्रकार के नेशनल व इंटरनेशनल रैंकिंग में संस्थान के कैंपस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। नए कैंपस का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने से संस्थान में उत्साह का माहौल है। हमने स्ट्रेटेजिक प्लान 2030 निर्धारित किया है। इसके तहत एजुकेशन, इंटरनेशनल कोलाबोरेशन, इंपैक्टफुल रिसर्च व सोशल इंपेक्ट शामिल हैं। हमारा लक्ष्य है इंटरनेशनल एक्रेडिटेशन प्राप्त करना। इसके साथ आने वाले समय में हम दूसरे देशों के मैनेजमेंट शिक्षकों को अपने संस्थान में बुलाएंगे, जो तीन माह से एक साल तक संस्थान के छात्रों को शिक्षित करेंगे।

आईआईटी धनबाद में एक हजार कमरों वाले हॉस्टल का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आईआईटी आईएसएम धनबाद के नए हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। यह हॉस्टल 192 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई। यह मछली के आकार का है, इसलिए इसका नाम एक्वामरीन रखा गया है। यह 14 मंजिला है, जिसमें एक हजार कमरे हैं। जिसमें दो हजार छात्रों के रहने की क्षमता है। नए हॉस्टल से छात्रों को काफी सहूलियत होगी।

66 एकड़ में 128 करोड़ की लागत से बनेगा ट्रिपल आईटी का स्थायी कैंपस

प्रधानमंत्री ने ट्रिपल आईटी रांची के स्थायी कैंपस का भी शिलान्यास किया। जो 128 करोड़ रुपए की लागत से कांके के सांगा में बनेगा। इसमें शैक्षणिक भवन, प्रशासनिक भवन, छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल, अधिकारियों के आवास होंगे। कैंपस में 24 घंटे बिजली के लिए विद्युत सब स्टेशन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, फायर अलार्म सिस्टम आदि की सुविधा होगी।

आईआईएम रांचीः एग्जीक्यूटिव एमबीए के लिए आवेदन 28 तक

सिटी रिर्पोटर। रांची

आईआईएम रांची से एग्जीक्यूटिव व वर्किंग प्रोफेशनल्स मैनेजमेंट कोर्स कर सकते हैं। इसके 2024-26 सत्र में एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। आवेदन शुल्क दो हजार रुपए निर्धारित है। अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एग्जिक्यूटिव एमबीए दो वर्षिय कोर्स है। इसमें कुल 6 टर्म होंगे। जिसमें 111 क्रेडिट मिलेंगे। एक टर्म में 7 से 9 दिन तक ऑफलाइन क्लास होंगे। वहीं हर शनिवार व रविवार को ऑनलाइन क्लास लिए जाएंगे। इसमें आवेदन करने के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से 50 प्रतिशत अंक से ग्रेजुएट और कम से कम तीन साल का फुलटाइम वर्क एक्सपीरियंस होना चाहिए। इसमें आवेदन करने वालों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, इसके बाद पर्सनल इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

Dainik Bhaskar, 16.11.2023, P.5